क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना

लाड़ली लक्ष्मी पथ, जगनपुर चक, गुना (म.प्र.)—473001

Email- registrar24kttu@gmail.com

क्रमांक 1815/नामांकन/गोप. /क्रा.ता.वि. /2026 गुना, दिनांक 23/03/2026

// संशोधित अधिसूचना //

(समय-सीमा)

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि समस्त स्नातक पाठ्यक्रम (समस्त संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिये) एवं शिक्षा संकाय तथा अन्य पाठ्यक्रम वर्ष-2025 में प्रथम वर्ष में प्रवेशित एवं नामांकित विद्यार्थियों के लिये Student Profile रजिस्ट्रेशन कराये जाने हेतु अधिसूचना निम्नानुसार घोषित की जाती है :-

छात्र प्रोफाईल रजिस्ट्रेशन हेतु कक्षाओं के नाम एवं दिनांक का विवरण	
कक्षाओं के नाम अन्य विवरण	**प्रोफाईल रजिस्ट्रेशन हेतु तिथियां**
वर्ष 2025 में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेशित एवं नामांकित छात्रों के लिये	
छात्र प्रोफाईल रजिस्ट्रेशन बिलंव शुल्क रूपये 200/- के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि ।	30.03.2026
छात्र प्रोफाईल रजिस्ट्रेशन उपरांत समस्त दस्तावेजों को जांचोपरांत महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय की नामांकन शाखा में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	01.04.2026

// आवश्यक निर्देश//

1. छात्रों के छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन फार्म Application ID एवं DOB के द्वारा MP Online Portal पर प्रदर्शित होगें।
2. समस्त विद्यार्थियों के Student Profile एवं रजिस्ट्रेशन ऑनलाईन कराना अनिवार्य है ।
3. समस्त प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित एवं नामांकित UG कोर्स के छात्र / छात्राओं को आवश्यक रूप से छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन MP Online माध्यम से भरना है । ऐसे समस्त छात्र/ छात्राऐं जो प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन फार्म नहीं भरेंगे वे परीक्षा फार्म भरने से वंचित रह जावेंगे ।
4. उपरोक्त निर्धारित की गई तिथि में किसी भी प्रकार की बढोत्तरी नहीं की जाएगी। निर्धारित तिथि तक ही प्रोफाइल एवं रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करें । यदि छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन के आभाव में कोई छात्र परीक्षा से वंचित होता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं छात्र एवं संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी ।
5. MP Online के Portal पर छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन फार्म भरते समय छात्रों को निम्न दस्तावेज लगाना अनिवार्य है।
6. छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का संशय होने की स्थिति में नामांकन शाखा प्रभारी से संपर्क कर प्रक्रिया शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करें ।

// आवश्यक दस्तावेज //

1. छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन आवेदन पत्र की प्रति ।
2. Proof of Date of Birth जन्मतिथि प्रमाण पत्र की प्रति (हाईस्कूल या हायर सैकेण्ड्री की अंकसूची)
3. (10+2) Marksheet अंकसूची/ स्नातक की अंकसूची परीक्षार्थी द्वारा स्व-प्रमाणित एवं प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षर सील करना अनिवार्य है।
4. Migration Certificate (प्रवजन प्रमाण –पत्र) । (यदि छात्र ने (10+2)/ स्नातक स्तर की परीक्षा अन्य राज्य बोर्ड/विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की है।

5. Eligibility Certificate (अर्हता प्रमाण –पत्र), मूल निवासी, जाति प्रमाण पत्र । (यदि छात्र ने (10+2)/ मध्यप्रदेश के बाहरी बोर्ड / विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की है।)
6. Gap Certificate. (अगर छात्र का पिछली परीक्षा तथा वर्तमान प्रवेश के मध्य कोई अंतराल रहा है।)
7. छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन आवेदन पत्र जमा करते समय महाविद्यालय सीट संख्या तथा संबद्धता का पत्र आवश्यक रूप से संलग्न करें अन्यथा महाविद्यालय का आवेदन पत्र जमा नहीं किये जा सकेंगे ।
8. छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन फार्म में गलत जानकारी पाये जाने पर संपूर्ण जिम्मेदारी छात्र एवं संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी ।

विशेष नोट :- जिन छात्र / छात्राओं ने प्रोफाईल पंजीयन करा लिया है वह छात्र ततकाल अपने दस्तावेज महाविद्यालय में जमा करें, समस्त संबद्ध महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि, अभी तक जिन छात्रों ने प्रोफाईल पंजीयन करा लिये है उनके दस्तावेजों को विश्वविद्यालय में समय – सीमा में भेजना सुनिश्चित करें जिससे छात्र का Enrollment जनरेट किया जा सके। जिससे छात्र अपना परीक्षा फार्म भर सकें ।

(प्रो.ए.के. मुदगल)
कुलसचिव
क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना (म.प्र.)

प्रतिलिपि -

1. निज सहायक, माननीय कुलगुरू महोदय जी की ओर सादर सूचनार्थ।
2. कुलसचिव के निज सहायक, क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय गुना।
3. कुलसचिव / सहायक कुलसचिव (परीक्षा) क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय गुना।
4. प्राचार्य समस्त संबंधित महाविद्यालय, क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय परिक्षेत्र गुना ।
5. नामांकन शाखा, क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय ,गुना।
6. विभागाध्यक्ष/निर्देशिक/समन्वयक, समस्त अध्ययनशाला, क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना।
7. प्रभारी, आई.टी. सैल, क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय गुना।

(डॉ. प्रभात चौधरी)
परीक्षा नियंत्रक
क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना (म.प्र.)